**स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत नगरीय विकास सेक्टोरल वर्टिकल में सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रकोष्ठ (रूरल एण्ड अर्बन) के गठन हेतु कन्सल्टेन्ट्स/यंग प्रोफेशनल्स के चयन हेतु स्कीनिंग कमेटी एवं कन्सल्टेंसी इवैल्यूएशन कमेटी की बैठक दिनांक 07 एवं 08 अप्रैल, 2026 का कार्यवृत्त।**

---

शासन की अधिसूचना संख्या–4/2022/(2245/2022)1/01/35–आ–1–2022–13, दिनांक 10 अक्टूबर, 2022 द्वारा स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन का गठन किया गया है। स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के गठन में 07 सेक्टोरल वर्टिकल प्रखण्ड बनाने के प्राविधान हैं, जिसका उल्लेख उपरोक्त शासनादेश के पैरा–6 (3) में दिया गया है।

कार्यालय ज्ञाप संख्या–(4730/25)1/4/35–एस0टी0सी0–2/2025–18, दिनांक 14 नवम्बर, 2025 के द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश की तैनाती की गयी है। उपरोक्तानुसार स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के गठन तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी की तैनाती के उपरान्त स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन को विधिवत् स्थापित करने की कार्यवाही प्रदेश में गतिमान है।

अधिसूचना दिनांक 10.10.2022 में परिकल्पित सेक्टोरल वर्टिकल में वर्णित नगरीय विकास वर्टिकल के अन्तर्गत सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रकोष्ठ (रूरल एण्ड अर्बन) प्रकोष्ठ के गठन विषयक कार्यालय ज्ञाप सं0–315/एस0टी0सी0 अनुभाग–2/2026, दिनांक 30 जनवरी, 2026 निर्गत किया गया है। सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रकोष्ठ (रूरल एण्ड अर्बन) प्रकोष्ठ द्वारा गोमती नदी को स्वच्छ बनाने व बनाये रखने का कार्य, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यतः स्वच्छ पर्यावरण, सीवरेज, सेप्टेज, पेयजल, ट्रांसपोर्ट, अर्बन प्लानिंक इत्यादि में कार्य किया जाएगा। उपरोक्त लक्ष्य जहाँ एक ओर एस0डी0जी0 के प्रमुख अंग हैं, वहीं विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

उपरोक्त कार्यों की पूर्ति के दृष्टिगत नगरीय विकास वर्टिकल में 09 पदों पर कन्सल्टेंट्स/यंग प्रोफेशनल की तैनाती विषयक निर्णय लिया गया।

इन पदों पर चयन हेतु प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दुस्तान एवं टाईम्स आफ इण्डिया) में दिनांक 31.01.2026 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया। विज्ञापन प्रकाशित करने के 30 दिन के अन्दर प्राप्त होने वाले आवेदनों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही करने के लिए कार्यालय ज्ञाप सं0–(80/26)1/7/35–एस0टी0सी0 अनुभाग–2/2026–25, दिनांक 12 जनवरी, 2026 के माध्यम से गठित स्क्रीनिंग कमेटी तथा कन्सल्टेंसी इवैल्यूएशन कमेटी की बैठक दिनांक 07 एवं 08 अप्रैल, 2026 को की गयी।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि कार्यालय ज्ञाप संख्या––(80/26)1/7/35–एस0टी0सी0 अनुभाग–2/2026–25, दिनांक 12 जनवरी, 2026 के द्वारा स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन द्वारा नीति आयोग, भारत सरकार के आदेश



Scanned with OKEN Scanner

संख्या–A-12036/2/2023-Adm.IB, दिनांक– 7th July, 2023 द्वारा निर्धारित "Procedure and Guidelines for Engagement of Senior Consultants/Consultants Grade-2/Consultants Grade-1/ Young Professionals in NITI Aayog, 2023." को पूर्णतः एडॉप्ट किया गया है। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा उपरोक्त गाईडलाइन में दिए गए प्राविधानों के अनुसार प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष स्क्रीनिंग व चयन की कार्यवाही के लिए स्क्रीनिंग कमेटी तथा कन्सल्टेंसी इवैल्यूएशन कमेटी की बैठक दिनांक 07–08 मार्च, 2026 को आहूत की गयी।

नीति आयोग, भारत सरकार के उपरोक्त आदेश/गाईडलाइन दिनांक 07.07.2023 के पैरा–6 में दिए गए एजूकेशनल क्वालीफिकेशन, एक्सपीरियंश आदि के प्राविधानों को इस चयन प्रकिया में अंगीकृत किया गया है। प्रकाशित वेकेंसी में Part Time Engagement/ Flexible Engagement जिसमें प्रोग्राम की आवश्यकता को देखते हुए फ्लैक्सीबल वर्किंग मॉडल/रिमोट वर्किंग का प्राविधान भी रखा गया है। इस स्थिति में इमाल्यूमेंन्ट्स को तदनुसार तय करने की व्यवस्था भी रखी गयी है। दिनांक 07.04.2026 एवं 08.04.2026 को स्कीनिंग कमेटी तथा कन्सल्टेन्सी इवैल्यूएशन कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सभी 82 आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया।

**कार्यालय ज्ञाप संख्या–80/26)1/7/35–एस0टी0सी0 अनुभाग–2/2026–25, दिनांक 12 जनवरी, 2026 में गठित स्क्रीनिंग कमेटी में निम्नलिखित सदस्य हैं :–**

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एस0टी0सी0– अध्यक्ष,
अपर निदेशक, श्री अरविंद कुमार वर्मा, एस0टी0सी–सदस्य
वित्त नियंत्रक–एस0टी0सी0–सदस्य।

**कन्सलटेंसी ईवैल्यूवेशन कमेटी में निम्नलिखित सदस्य हैंः–**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एस0टी0सी0– अध्यक्ष
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एस0टी0सी0–सदस्य
वित्त नियंत्रक–एस0टी0सी0–सदस्य

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के पत्र संख्या–663/पीएस/सीईओएसटीसी/2026, दिनांक 30.03.2026 के द्वारा कार्यक्रम निदेशक, (एस0डी0सी0) को साक्षात्कार में पैनल सदस्य के रूप आमंत्रित किया गया है।

कन्सल्टेंसी मूल्यांकन समिति द्वारा साक्षात्कार एवं समग्र आंकलन के आधार पर निम्नलिखित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित श्रेणी के अन्तर्गत उपयुक्त (Suitable) पाया गया :-

| Sr. No. | Name of the Position | No of Posts | Candidate found Suitable |
|---|---|---|---|
| 1 | Consultant Grade-2 (Drinking water) | 01 | Abhishek Dutta |
| 2 | Consultant Grade-2 (Transport) | 01 | Manoj Panda (Part Time/Flexible) |
| 3 | Consultant Grade-1 (Air Pollution) | 01 | Pranjali Tripathi |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | Young Professional-(Urban Planning) | 01 | 1-Shivani Garg<br>2-Shweta Rawat (Wait List) |
| 5 | Young Professional-(IEC/Capacity Building) | 01 | 1-Sadik Raza<br>2-Tuhina Roy (Wait List) |

कमेटी के सदस्यों द्वारा निम्नलिखित पदों के लिए उपयुक्त कन्डीडेट न पाये जाने की अवस्था में व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए पुनः विस्तृत प्रकाशन LinkedIn, devnetjobindia.org जैसे पोर्टल/सोशल मीडिया पर भी रिक्तियों को प्रकाशित करने का निर्णय लिया गयाः–

| Sr. No. | Name of the Position | No of Posts |
|---|---|---|
| 1 | Consultant Grade-2 (Sewerage) | 01 |
| 2 | Consultant Grade-2 (Solid Waste Management) | 01 |
| 3 | Consultant Grade-1 (Specialist-GIS/IT) | 01 |

(अखिलेश गौतम)
सदस्य

(अरविन्द कुमार वर्मा)
सदस्य

(विश्वज[illegible])
सदस्य

(अक्षत वर्मा)
सदस्य

(मनोज कुमार सिंह)
अध्यक्ष



Scanned with OKEN Scanner